# रक्षा औद्योगिक गलियारे में 33,896 करोड़ का निवेश

लखनऊ, विशेष संवाददाता। उत्तर प्रदेश रक्षा औद्योगिक गलियारे में 33896 करोड़ रुपये का निवेश आया है। लखनऊ, कानपुर और झांसी रक्षा निवेश के गढ़ बने हैं। यह गलियारा उत्तर प्रदेश के छह नोड्स कानपुर, झांसी, लखनऊ, अलीगढ़, आगरा और चित्रकूट में फैला हुआ है। यह लगातार रक्षा क्षेत्र में निवेश आकर्षित कर रहा है और प्रदेश को न केवल राष्ट्रीय, बल्कि वैश्विक रक्षा विनिर्माण के प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित कर रहा है।

- कानपुर, झांसी और लखनऊ में 62 इकाइयों को जमीन आवंटित
- आवंटित की गई ज्यादातर इकाइयों में निर्माण कार्य शुरू

यूपीडा की नवीनतम प्रगति रिपोर्ट के अनुसार, यूपीडीआईसी के छह नोड्स में रक्षा क्षेत्र की नौ प्रमुख इकाइयों ने अपना संचालन और उत्पादन शुरू कर दिया है, जो रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बड़ा कदम है। यूपीडीआईसी के विभिन्न नोड्स में अब तक 33,896 करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इनमें से लगभग 62 कंपनियों को भूमि आवंटित की जा चुकी है, जिनमें से अधिकांश में निर्माण कार्य शुरू हो गया है इसके अतिरिक्त, लगभग 10 कंपनियों के लिए पट्टा (लीज डीड) की प्रक्रिया प्रगति पर है।